

ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में प्रदर्शन आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान बन चुका है। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो वह सम्मान केवल खिलाड़ी या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे 140 करोड़ भारतीयों का होता है। - रेखा गुप्ता

**दिल्ली की मुख्यमंत्री, खिलाड़ियों के सम्मान व उचित अवसर देने को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **रविचंद्रन अश्विन**



**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट** के सभी प्रारूपों और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के बाद, रविचंद्रन अश्विन एक स्वतंत्र पक्षी के रूप में उभरे हैं, जो नए रास्ते तलाशने के लिए तैयार हैं। खबर है कि वह दोहरी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं - कोच-सह-खिलाड़ी के रूप में खुद को परखने के लिए। अश्विन के पास अभी भी बहुत कुछ करने को बाकी है और अभी उनका प्रदर्शन बाकी है। 38 साल की उम्र में, वह अभी भी बहुत आगे नहीं बढ़े हैं; आखिरकार, एमएस धोनी उनसे छह साल बड़े हैं और अभी भी मज़बूती से खेल रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के पास एशिया कप के इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड है। भारत ने हॉन्ग कॉन्ग को 256 रनों के बड़े अंतर से हराकर ये रिकॉर्ड बनाया था।

## तोपची बनाम जेआरपीसी के बीच होगा चैलेंजर का फैसला



जयपुर, 30 अगस्त। जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब में गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी में रोमांचक पोलो मुकाबले जारी हैं। टीम जाजू पोलो ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। ध्रुव ने अपनी विशिष्ट कुशलता से स्कोरबोर्ड पर बढ़त बनाई, जबकि नए खिलाड़ी स्वास्तिक और अमित ने अपने तीखे खेल और सहज समन्वय से प्रभावित किया। टीम बिंदायका ने जोरदार मुकाबला किया, जिसमें महेंद्र और नरेंद्र ने जयवीर का अच्छा साथ दिया, लेकिन जाजू पोलो ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए 9-5 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में, टीम तोपची (आर्टिलरी - भारतीय सेना) ने कैप्टन प्रिंसपाल और लेफ्टिनेंट कर्नल गौतम के शानदार खेल की बदौलत टीम आरवीसी को 7-4 से हराया। टीम आरवीसी के संतोष और पांडा ने कड़ी टक्कर दी, खासकर अंतिम चक्कर में, लेकिन स्कोरलाइन को पलट नहीं पाए। टीम तोपचीऔर टीम जेआरपीसी के बीच एक मैच शेष रह गया है, अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ग्रैंड फिनाले में जाजू पोलो को कौन चुनौती देगा।

## हैण्डबॉल खिलाड़ी हर्ष ब्रह्मभट्ट ने जीता योगा का खिताब

**तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आज होगा समापन**

जयपुर, 30 अगस्त। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में सवाई मानसिंह स्टेडियम में योगा और वालीबॉल खेल का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि योगा खेल में बालक वर्ग में हैण्डबॉल खिलाड़ी हर्ष ब्रह्मभट्ट और बॉक्सिंग खिलाड़ी तरूण ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में एथेलेटिक्स खिलाड़ी कविता और जिम्नास्टिक खिलाड़ी काव्या कुमावत प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होनें बताया कि वालीबॉल खेल में पुरूष वर्ग में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पहला और सुभाष चंद्र बोस ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई विजेता और सरोजनी नायडू उपविजेता रही। उन्होनें बताया कि 31 अगस्त को प्रातः सात बजे साईक्लिंग स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन होगा। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मुख्य अतिथि होगें।

## श्याम सुंदर ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में एवं धनाराम ने भी दिलाया गोल्ड मेडल

बीकानेर, 30 अगस्त। यूरोप के चेक गणराज्य में आयोजित पैरा वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारत के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया। भारत के स्टार तीरंदाज श्याम सुंदर स्वामी ने फाइनल मुकाबले में फ्रांस के तीरंदाज को 145-149 अंकों से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पूरे मैच के दौरान श्याम सुंदर के हर निशाने पर भारत माता की जय के उद्घोष से स्टेडियम गूंज उठा। यह जीत भारत के लिए गर्व का क्षण है। श्याम सुंदर 2025 में लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में चैंपियन बने हैं। इससे पूर्व उन्होंने थाईलैंड में आयोजित पैरा एशिया कप में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया था।

व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ, श्याम सुंदर ने कंपाउंड कैटेगरी की टीम स्पर्धा में भारत के राकेश कुमार के साथ मिलकर भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, राजस्थान के बीकानेर जिले के धनाराम गोदारा ने रिकर्व कैटेगरी टीम स्पर्धा में भारत के हरविंदर सिंह के साथ स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान और देश का नाम रोशन किया।

श्याम सुंदर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजस्थान क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष नीरज के. पवन, राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, एवं राजस्थान ओलंपिक संघ व तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने उन्हें और उनके कोच अनिल जोशी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एसएमएस स्टेडियम में संगीत की लय के साथ योगासनों की प्रस्तुति



जयपुर, 30 अगस्त। देश के विभिन्न प्रांतो से आयी योग टीम ने हैरत अंगेज करने वाली मुद्राओं को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। सही मायनो में इन दिनों एस .एम .एस इंडोर स्टेडियम योगमय हो गया है जिधर देखो उधर विभिन्न राज्यों से आये विद्यार्थी योगाभ्यास करते नज़र आये। बच्चों के शरीर का लचीलापन और तारतम्य देखते ही बनता है। अक्सर हमें सामान्य आसन देखने को मिलते है लेकिन एडवांस योगिक क्रियाएं इंडोर स्टेडियम में देखने को मिल रही है। जटिल योग दर्शन को देखने गुलाबी नगरी के विभिन्न स्कूलों के छात्र -छात्राएं स्टेडियम आ रहे है। योगासन प्रीमियर लीग रविवार को संपन्न होगी योगा लीग के संयोजक अभिनव जोशी ने बताया की योगा लीग में भाग लेने वाले प्रतिभागी यूथ होटल में ठहरे हुए है । योगाचार्य ढाकाराम ने बताया की योगासन लीग का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारत में जन- जन तक योग के प्रति जाग्रति पैदा करना है।

# आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए द्रविड़



जयपुर, 30 अगस्त। आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का साथ छोड़ दिया है।फ्रैंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रैंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। आरआर ने अपने बयान में कहा, ''राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी।

''फ्रैंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रैंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को दिल से धन्यवाद देते हैं।''

आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे। इस सीजन द्रविड़ की कोचिंग में आरआर 14 में से सिर्फ चार ही मैच जीत पाई और नौवें स्थान पर रही। बतौर खिलाड़ी द्रविड़ 2011 में आरआर के साथ जुड़े थे। 2014 और 2015 में बतौर मेंटॉर आरआर को अपनी सेवा देने से पहले द्रविड़ 2012 और 2013 में भी आरआर का बतौर खिलाड़ी हिस्सा रहे थे।

आरआर का साथ छोड़ने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और अब आरआर बिना मुख्य कोच के हैं। पिछले महीने चंद्रकांत पंडित केकेआर से अलग हो गए थे। आरआर के पास इस समय कुमार संगकारा बतौर क्रिकेट निदेशक, विक्रम राठौर बल्लेबाजी कोच और शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच के रूप में मौजूद हैं। 2008 के बाद से ही आरआर ने कोई आईपीएल खिताब अपने नाम नहीं किया है। उनके दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आईपीएल 2022 में आया था जब गुजरात टाइटंस के हाथों उन्हें फाइनल में हार मिली थी।

## जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत दौरे पर आएगी पाक टीम

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने शनिवार को कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है।

वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था।

भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेड्यूल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर भोलानाथ ने कहा, पाकिस्तानी टीम जूनियर विश्व कप के लिए भारत आ रही है। उन्होंने कल रात हमें इसकी पुष्टि की। मैंने उनसे उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा था, क्योंकि उन्होंने मौजूदा एशिया कप से हटने का फैसला किया था। दरअसल, हॉकी एशिया कप में खेलने से इनकार के बाद संदेहजताया गया था कि क्या पड़ोसी देश की टीम नवंबर-दिसंबर में दक्षिण भारतीय शहरों चेन्नई और मदुरई में आयोजित होने वाले जूनियर विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करेगी। हालांकि, अब साफ हो गया है कि पाकिस्तान की टीम भारत का दौरा करेगी।

21 सितंबर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पॉलिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी। इसमें कहा गया कि भारतीय एथलीट्स और टीमों को उन अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने दिया जाएगा, जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी हों। हालांकि, भारत पाकिस्तान में होने वाले किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगा, साथ ही दोनों देशों के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज या मैच नहीं होंगे।

## अजेय बढ़त के साथ सेंट्रल जोन और नॉर्थ जोन का सेमीफाइनल में पहुंचना तय

बेंगलुरु 30 अगस्त। सेंट्रल जोन और नॉर्थ जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के साथ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह लगभग पक्की कर ली है। दोनों टीमों ने पहली पारी में भी बढ़त हासिल की थी और अब विशाल बढ़त के साथ उनका अंतिम चार का दावा भी मजबूत हो गया है।

शुभम शर्मा (122) की शतकीय तथा यश राठौड़ (78) और कप्तान रजत पाटीदार (66) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सेंट्रल जोन ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 331 का स्कोर घोषित करने के बाद नॉर्थ ईस्ट जोन को जीत के लिए 679 रनों का लक्ष्य दिया है। नॉर्थ ईस्ट जोन ने कल के सात विकेट पर 168 रन से आगे खेलना शुरु किया और उसकी टीम महज 17 रन जोड़ कर अपने तीनों विकेट 185 के स्कोर पर गंवा दिये। सेंट्रल जोन के लिए आदित्य ठाकरे ने तीन विकेट लिये। खलील अहमद और हर्ष दुबे को दो-दो विकेट मिले। दीपक चाहर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने तेजी के साथ रन बटोरे और दिन का खेल समाप्त होने के समय 80.3 ओवर में सात विकेट पर 331 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। शुभम शर्मा ने 215 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 122 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 72 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 66 रन बनाये। यश राठौड़ ने 83 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। नॉर्थ ईस्ट जोन के लिए आकाश चौधरी और विश्वोर्जित सिंह ने दो-दो विकेट लिये। फिरोइजम सिंह और अंकुर मलिक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में कप्तान अंकित कुमार (नाबाद 168) और यश ढुल (133) की शतकीय पारियों की बदौलत नॉर्थ जोन ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 388 रन बना लिये है और उसने कुल बढ़त 563 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां नॉर्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत शुभम खजुरिया और अंकित कुमार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 17वें ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने शुभम खजुरिया (21) को बोल्ड कर ईस्ट जोन को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये यश ढुल ने अंकित कुमार के साथ दूसरे विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी की। 66वें ओवर में रियान पराग ने यश ढुल को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। यश ढुल ने 157 गेंदों में 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 133 रनों की पारी खेली।

## एशिया कप से पहले फिटनेस टेस्ट के लिए गिल रवाना



नयी दिल्ली, 30 अगस्त। शुभमन गिल फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) जा रहे हैं। एशिया कप से पहले, भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उप-कप्तान शुक्रवार (29 अगस्त) शाम को अनिवार्य मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं, जो एशिया कप जाने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है। यह स्पष्ट नहीं है कि गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्र में फिटनेस टेस्ट कब देंगे, लेकिन संभवतः यह अगले कुछ दिनों में होगा।

संभावना है कि गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे। गिल हाल ही में अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में आराम कर रहे थे, यही वजह थी कि उन्हें दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना पड़ा। ठीक होने के बाद, उन्होंने शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों के लिए अपने गृहनगर में अभ्यास शुरू किया।

इस बीच, भारतीय टीम 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी। खिलाड़ी आमतौर पर अभ्यास के दौरान एक ही स्थान से एक साथ नहीं निकलेंगे, बल्कि अपने-अपने बेस से अलग-अलग उड़ान भरेंगे और पहले अभ्यास सत्र के लिए समय पर दुबई पहुँचेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने पहला नेट सत्र 5 सितंबर के लिए निर्धारित किया है। हालांकि नेट अभ्यास के लिए स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन पूरी संभावना है कि यह दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपने सफल चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान इसी स्थान पर प्रशिक्षण लिया था। हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज समाप्त करने के बाद, भारतीय टीम ट्वेंटी-20 प्रारूप में अभ्यास में कम रही है। हालांकि, भारत के अलावा, बाकी सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई शारजाह में त्रिकोणीय सीरीज में भाग ले रहे हैं।

## अपनी सर्वोच्च फॉर्म के साथ एशिया कप के लिए तैयार है अर्शदीप सिंह

बेंगलुरु, 30 अगस्त। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दलीप ट्रॉफी में कड़ी तैयारी के बाद एशिया कप 2025 में अपनी सर्वोच्च फॉर्म के साथ अबु धाबी में अपनी टीम मे योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एशिया कप टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से होगा, उसके बाद भारतीय टीम पाकिस्तान और ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगी। अर्शदीप ने टूर्नामेंट के लिए अपनी फिटनेस, अनुकूलन क्षमता और मानसिक दृढ़ता को लेकर कड़ी मेहनत की है यह टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के सबसे अधिक 21 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे अर्शदीप ने बेंगलुरु में ईस्ट जोन के खिलाफ नॉर्थ जोन के साथ दलीप ट्रॉफी में अपने कार्यकाल का उपयोग अपने शारीरिक और मानसिक खेल को बेहतर बनाने के लिए किया। दलीप ट्रॉफी में दूसरे दिन 17 ओवर डालने वाले अर्शदीप ने कहा, मुझे जितने ओवर मिले, उससे मुझे बहुत अच्छा लगा। 15-17 ओवर के बाद मेरा शरीर ठीक महसूस करता है और गेंद भी अच्छी तरह से आ रही है। आज ज़्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन भविष्य में जरूर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उनका वर्तमान ध्यान मानसिकता पर है, खासकर लाल गेंद वाले क्रिकेट के 'उबाऊ समय' का आनंद लेना सीखना। उन्होंने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सलाह का श्रेय देते हुए कहा, लंच के बाद के सत्र में, ज्यादातर गेंद कुछ नहीं करती। आप उस दौर का कितना आनंद लेते हैं, यह बताता है कि आप लाल गेंद वाले क्रिकेट में कितने सफल हो सकते हैं। आगामी एशिया कप के लिए अपनी अनुशासित तैयारी को लेकर उन्होंने कहा, जब आप खेल नहीं रहे होते हैं, तो आप प्रशिक्षण में अपनी सीमाओं को पार कर जाते हैं। ज्यादा ओवर, अधिक ताकत, ज्यादा अभ्यास। हमारा लक्ष्य है कि जब भी मौका मिले, तैयार रहें। प्रारुप बदलना महत्वपूर्ण होगा और अर्शदीप सहज बदलाव सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही सफेद गेंद से अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लाल गेंद, सफेद गेंद या गुलाबी गेंद, आपको क्रिकेट खेलना होगा और उसका आनंद लेना होगा। मानसिकता इस बारे में है कि आप स्थिति, विकेट और मौसम के अनुसार कितनी जल्दी ढल सकते हैं। यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब प्रयास करना है और कब ऊर्जा बचानी है।

## भारत ने ताजिकिस्तान को 2-1 से हराया

दुशांबे, 30 अगस्त। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने शनिवार को सीएएफए नेशंस कप 2025 के अपने पहले मैच में ताजिकिस्तान को 2-1 से हराकर खालिद जमील युग की शुरुआत की। आज यहां हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में डिफेंडर अनवर अली और संदेश झिंगन ने दुनिया की 133वें नंबर की टीम भारत के लिए गोल किये जबकि 106वीं रैंकिंग वाली ताजिकिस्तान की ओर से शाहरोम समीव ने गोल किया। भारतीय टीम की ताजिकिस्तान के खिलाफ 17 साल बाद पहली जीत है। भारत की दो साल में विदेशी धरती पर पहली जीत है। भारतीय टीम ने विदेशी जमीन पर आखिरी बार नवंबर 2023 में विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत को हराया था। मेजबान टीम ने शुरुआत में गेंद पर काफी नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन उसका फायदा नहीं उठा पाई। भारतीय टीम ने पांचवें मिनट में अनवर अली के हेडर से किये गये गोल की बदौलत बढ़त बनाई। भारतीय टीम का दूसरा गोल संदेश झिंगन ने 13वें मिनट में किया। हालांकि 23वें मिनट में ताजिकिस्तान की तरफ से सहरोम समिव ने गोल दाग कर वापसी का प्रयास किया। लेकिन वे सफल नहीं हुये। इसके बाद दोनों टीमें और कोई गोल नहीं कर पायी और भारतीय टीम यह मुकाबला जीत लिया।

## भारत ने 50 स्वर्ण पदकों के साथ रचा इतिहास

शिमकेंट, 30 अगस्त। कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाएं) का समापन हो गया, और 12 रोमांचक प्रतियोगिता दिनों के बाद भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया - जो इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के इतिहास में पहली बार हुआ है। विशेष रूप से सीनियर टीम का प्रदर्शन ओलंपिक की 15 स्पर्धाओं में (राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों में) अत्यंत सराहनीय रहा, जहां भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत का स्थान चीन के बाद रहा, जिसने 8 स्वर्ण जीते, जबकि मेजबान कजाकिस्तान ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत ने चैम्पियनशिप का समापन कुल 99 पदकों के साथ किया, जिसमें 50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल थे। मेजबान कजाकिस्तान 70 पदकों (21 स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 15 स्वर्ण और कुल 37 पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन का महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ दूसरा एशियाई खिताब जीतना रहा। उन्होंने अर्जुन बाबूता के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। नीरू धांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता, सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी ) में अपना पहला एशियाई खिताब जीता, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 3पी स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने भी सभी ओलंपिक स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 4 रजत और 4 कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस खेल में भारत की गहराई कितनी मजबूत है। अन्य स्वर्ण पदक युवा वर्ग, टीम स्पर्धाओं तथा गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं से आए।

## सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी सेमीफाइनल में, पदक पक्का

पेरिस, 30 अगस्त। सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी 30 अगस्त को पेरिस के एडिडास एरिना में 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यी से फाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगे। भारतीय जोड़ी ने 29 अगस्त को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी, आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर पदक पक्का किया और 2011 के संस्करण से शुरू हुए टूर्नामेंट में भारत के कम से कम एक पदक जीतने के सिलसिले को और आगे बढ़ाया। भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 मिनट तक चले मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेमों में 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है।

## गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश आज से

### राजस्थान के दस खिलाड़ी सीधे मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे



जयपुर, 30 अगस्त। राजस्थान स्क्वैश एसोसिएशन की मेजबानी में गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 6 सितम्बर तक यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम कोटर्स पर किया जाएगा। टूर्नामेंट में 450 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें 32 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा ने शनिवार को यहां बताया कि भारत के अलावा मलेशिया, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और बांग्लादेश से भी खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आ रहे हैं।

सुरभि मिश्रा ने बताया कि यह एशियन स्क्वैश रैकेट फेडरेशन का प्लेटिनम इवेंट है और स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया का सिक्स स्टार टूर्नामेंट है। इसमें बालक और बालिका वर्ग में कुल 12 इवेंट होंगी। दोनों वर्गों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 कैटेगरी में मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के शुरुआती तीन दिन क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 3 सितम्बर को सायं से मुख्य ड्रॉ के मैच खेले जाएंगे।

सुरभि ने बताया कि अलग- अलग कैटेगरी के राजस्थान के दस खिलाड़ियों को उनकी रैंकिंग के आधार पर सीधे मुख्य ड्रॉ में जगह मिली है। अंडर-11 बॉयज में युवान वर्मा और गर्ल्स में गौरवी अजमेरा, अंडर-13 बॉयज में प्रभव बाजोरिया और धैर्य गोगिया तथा गर्ल्स में दिव्यांशी जैन, अंडर-15 गर्ल्स में गौरी जायसवाल, अंडर-17 बॉयज में सुभाष चौधरी, अंडर-19 गर्ल्स में याशी जैन, छवि सारण और रितिका सिंह बुन्देला को सीधे मुख्य ड्रॉ में जगह मिली है।


## उत्सव व रौनक का सीबीएसई वेस्ट जोन क्रिकेट टीम में चयन



जयपुर, 30 अगस्त। शाँति एशियाटिक स्कूल, जयपुर के छात्रों को मिला गोल्ड मेडल। कक्षा-8 छात्र उत्सव शर्मा का चयन सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-14 में तथा कक्षा 12 के छात्र रौनक राकेश गुप्ता का चयन सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-17 क्रिकेट टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 22 से 28 अगस्त तक भोपाल में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता के आधार पर उत्सव शर्मा और रौनक राकेश गुप्ता का चयन सीबीएसई वेस्ट जोन क्रमशः अंडर-14 एवं 17 वेस्ट जोन क्रिकेट टीम में हुआ। यह प्रतियोगिता अगले महिने नोएडा में आयोजित होगी।

### कंचन, वृंदा, भावना, उषा का शानदार प्रदर्शन

# मुकुल चौधरी , प्रशांत माली, अनिरुद्ध सिंह के शतक



जयपुर, 30 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला टी 20 चैलेंजर टॉफी व राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) के आज खेल गए मैच का परिणाम व स्कोर :-

राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के आज सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेले गए मैचों का परिणामः-

**पहला मैच** टीम बी - टीम सी ( टीम बी 35 रन से जीती ), टीम बी पारी 117/6, टीम के लिए कंचन हाडा 53, आयुषी गर्ग 32 रनो का योगदान दिया।

टीम सी की गेंदबाज स्नेहा 16/2, याना 18/2 व किलम 7/1 विकेट। टीम सी पारी 82 आल आउट। टीम के लिए चंद्र ज्योत्सना नाबाद 37 रन। टीम बी की गेंदबाज भावना मीणा 10/4 , कंचन हाडा 6/3 , मनीषा 17/2 व अर्चना योगी 8/1 विकेट।

**दूसरा मैच** टीम ए - टीम डी (टीम ए 5 विकेट से जीती)। टीम डी पारी 68 आल आउट। टीम के लिए सीमा 14, अंशु , मेघा 13 -13 व प्रिया 12 रन। टीम ए की गेंदबाज उषा 17/3 , गंगा 12/2 व सोनम, तम्मना व मनस्वी 1-1 विकेट। टीम ए पारी 69/5, टीम के लिए रिज़ा 23 व बबिता 12 रन। वृंदा शर्मा 6/3, फोरा व कौशल्या प्रत्येक 1-1 विकेट।

**राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी ( मल्टी डेज ) दूसरे दिन का स्कोर व प्रदर्शन :-** के एल सैनी स्टेडियम टीम एफ - टीम जी

टीम एफ पारी 287 आल आउट, टीम के लिए मुकुल चौधरी नाबाद 148 रन। टीम जी की गेंदबाज दीपेंद्र 59/3 व आशीष इन्दोरिया , भूपेंद्र शर्मा प्रत्येक 1 -1 विकेट। टीम जी पारी 142/6, टीम के लिए राज शर्मा 48 , देवांश 37 ,भूपेंद्र शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट। टीम एफ के गेंदबाज रजत चौधरी 40 /2 विकेट।

**जयपुरिया ग्राउंड** टीम एच् - टीम ई, टीम एच् पारी 283 आल आउट। टीम के लिए भारत शर्मा 56 , रोहित खीचड़ 64 , रजत सिंह 30 रन। टीम ई के गेंदबाज मोहित छांगरा 28/3, सलाऊद्दीन 47/3, विशाल 45/2 व शुभम शर्मा , जय गोयल प्रत्येक 1-1 विकेट। टीम ई पारी 202/6, टीम के लिए प्रशांत माली नाबाद 105 , मोहित छांगरा नाबाद 40 व दिव्य प्रताप 24 रन। टीम एच् के गेंदबाज दानिश भांभू 31/3 , निर्मल बिश्नोई 45/2 व राजेश बिश्नोई 24/1 विकेट।

**अनंतम ग्राउंड** टीम बी - टीम सी, टीम बी पारी 190 आल आउट, टीम के लिए आदित्य लूणा 63 , शबाज़ 63 , हिमांशु 22 रन। टीम सी के गेंदबाज अनिरुद्ध सिंह चौहान 27 /5 विकेट। टीम सी पारी 171/5, टीम के लिए रामनिवास गोलाडा 62 , कुणाल सिंह राठौर नाबाद 32 , दिव्य प्रताप 26 व भवानी सुथार 23 रन। टीम बी के गेंदबाज मो साद 17/3 व दीपक 41/1 विकेट।

**सोनी ग्राउंड** टीम ए - टीम डी, टीम ए पारी 367/4, टीम के लिए अनिरुद्ध सिंह 126, मनेंद्र सिंह 73, वैभव भाटी 68, हर्षवर्धन सिंह नाबाद 47 व रजत भघेल 34 रन। टीम डी की गेंदबाज दुष्यंत कच्छावा 60/2 व सिद्धार्थ ,कार्तिकेय 1 -1 विकेट।